**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार,**
**कला संस्कृति एवं भाषा विभाग,**
**सी-विंग , सातवां तल, आई पी एस्टेट, दिल्ली सचिवालय,**
**नई दिल्ली**

**फा.स. 6(09)/2023/वि.स.क्यू./क.स.एवं भा./** (1)/3697-3699 **दिनांक:** 13/12/23

सेवा में,

उप सचिव (प्रश्न शाखा),
दिल्ली विधान सभा सचिवालय,
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार,
पुराना सचिवालय, दिल्ली ।

**विषय: दिनांक 15.12.2023 को उत्तर के लिए श्रीमती बन्दना कुमारी जी के द्वारा उठाया गया विधान सभा अतारांकित प्रश्न स.** 58.

महोदय,

**श्रीमती बन्दना कुमारी जी** के द्वारा किये गए विधान सभा **अतारांकित प्रश्न स. 58** के संदर्भ में मांगी गई सूचना एवं उत्तर संलग्न है । (100 प्रतियां)

माननीय मंत्री (कला संस्कृति एवं भाषा विभाग) की पूर्व अनुमति अनुसार उचित कार्यवाही हेतु आपको अग्रसारित किया जा रहा है ।

भवदीया

प्रोमिला मित्रा

**(प्रोमिला मित्रा)**
**उप-सचिव (क.स.एवं भा.)**
**दूरभाष: 23392307**

**फा.स. 6(09)/2023/वि.स.क्यू./क.स.एवं भा./** (1)/3697-3699 **दिनांक:** 13/12/23

**प्रतिलिपि:**

1. विशेष कार्य अधिकारी, कार्यालय मंत्री (क.स.एवं भा), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली -110002
2. निदेशक, सूचना एवं प्रचार निदेशालय , पुराना सचिवालय, ब्लॉक-9, दिल्ली-110054.(150 प्रतियां संलग्न हैं)

**(प्रोमिला मित्रा)**
**उप-सचिव (क.स.एवं भा.)**

**विभाग का नाम** : कला, संस्कृति और भाषा विभाग, दिल्ली सरकार
**विभाग का पता** : सातवाँ तल, सी-विंग, आई.पी.एस्टेट, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली-110002

**तारांकित / अतारांकित प्रश्न संख्या** : 58
**दिनांक** : 15.12.2023
**प्रश्नकर्ता का नाम** : श्रीमती बन्दना कुमारी

क्या उपमुख्यमंत्री / मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| (क) दिल्ली में पूर्वांचल निवासियों की संख्या बहुत अधिक होने के बाद भी मैथिलि भोजपुरी अकादमी को सभी अकादमियों की तुलना में कम वार्षिक फण्ड का आवंटन किये जाने के क्या कारण है; | संचालन समिति / कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदित गतिविधियों एवं योजनाओं के क्रियांवियन की दृष्टि से अकादेमी द्वारा बजट तैयार कर दिल्ली सरकार से बजट दिए जाने का अनुरोध किया जाता है। मैथिलि भोजपुरी अकादेमी का वार्षिक बजट अन्य भाषा अकादमियों के समानुपातिक ही होता है, हालांकि अकादमी के वार्षिक फण्ड में अनुपातिक कमी अन्य भाषा अकादमियों में स्वीकृत पदों, उनके वेतन व अन्य भत्तों के बजटीय प्रावधान के कारण भी होता है। |
| (ख) ये फण्ड आवंटन किस आधार पर किया गया तथा इस फण्ड आवंटन के लिए क्या किसी समिति द्वारा अनुशंसा की गई है; | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) दिल्ली में पूर्वांचलियों की बहुत अधिक जनसँख्या को देखते हुए क्या इस फण्ड को अगले वित्त वर्ष के बजट में बढाने की कोई योजना है; और | संचालन समिति / कार्यकारिणी समिति द्वारा यदि कार्यक्रमों एवं योजनाओं को विस्तार दिया जाता है तो तदानुसार बजट की मांग की जा सकती है। |
| (घ) क्या सरकार का कला और संस्कृति कार्यक्रम के आयोजन के लिए हर विधान सभा को अलग फण्ड के आवंटन की योजना को दोबारा शुरू का कोई प्रस्ताव है ? | सरकार का कला और संस्कृति कार्यक्रम के आयोजन के लिए हर विधान सभा को अलग फण्ड के आवंटन की योजना को दोबारा शुरू का कोई प्रस्ताव वर्तमान में विचाराधीन नहीं है। |

सी.आर.गर्ग

**(सी.आर.गर्ग)**
सचिव
कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग